हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 11 मार्च 2026

04 पेंशनर संघ ने जनसुनवाई में उठाई समस्याएं...



07 कोलारस से गंजबासौदा शादी में जा रही कार को बोलेरो ने मारी टक्कर





## समाचार संक्षेप

### मंडी में हंगामा, किसानों ने एबी रोड पर लगाया चक्काजाम



**गुना।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार को सरसों की नीलामी के दौरान विवाद होने पर हंगामा हो गया। किसानों का आरोप है कि मंडी निरीक्षक ने 5700 रुपये की बोली वाली उपज की पर्ची 5400 रुपये में काट दी और आपत्ति करने पर अभद्रता की। इससे नाराज व्यापारियों ने नीलामी का बहिष्कार कर मंडी बंद कर दी।घंटों तक नीलामी बंद रहने से आक्रोशित किसानों ने एबी रोड पर चक्काजाम कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझाइश देकर जाम खुलवाया।मंडी सचिव आरपी सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है और संबंधित निरीक्षक को ड्यूटी से हटा दिया गया है।

### रोटरी निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 150 रोगियों का हुआ नेत्र परीक्षण



**गुना।** जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के अंतर्गत रोटरी क्लब गुना एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन मंगलवार को रोटरी भवन गुना में आयोजित किया गया। शिविर संयोजक विकास जैन नखराली ने बताया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में सदगुरु संकल्प नेत्र चिकत्सालय के विशेषज्ञ डॉ दीपक सिंह एवं चिकित्सा दल द्वारा 150 से अधिक रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया। साथ ही रोगियों की शुगर, वीपी जांच कर उचित परामर्श दिया ओर जरूरत मंदों को निःशुल्क चश्मे वितरण किए। जांच के दौरान 60 रोगियों का मोतियाबंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए जिनको श्री सदगुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय लटेरी भेजा गया। इनके आपरेशन पश्चात सभी को नेत्र ज्योति मिलेगी। इससे पूर्व शिविर का विधिवत शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष सीए ब्रजेश अग्रवाल, सचिव राजकुमार मंगल, वरिष्ठ रोटेरियन शिखर चंद जैन, शिविर संयोजक विकास जैन नखराली एवं इंजी संजीव गर्ग, एकल चंबल भाग अभियान प्रमुख धर्मवीर सिंह गुर्जर, रोटेरियन देवेंद्र रघुवंशी, इंजी डीएन नीखरा, शंभूनाथ तिवारी, अंचल अभियान प्रमुख अर्जुन सिंह सहित उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती जी एवं रनछोड़ दास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ किया। इस अवसर पर सदगुरु कैंप इंचार्ज डाल सिंह जादोन, नितेश सेन, संतोष नामदेव, धर्मेंद्र जादौन सहित रोटरी सदस्यों ने शिविर में उपस्थित रहकर नर सेवा ही नारायण सेवा भाव से सेवाकार्य किया। शिविर संयोजक ने बताया की नेत्र शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाईयां व चश्मा वितरण के साथ-साथ उनके रुकने एवं भोजन की व्यवस्था संस्था द्वारा निःशुल्क की गई।

### आज रहेगी विभिन्न क्षेत्रों बिजली गुल

**गुना।** सहायक प्रबंधक कैंट जोन विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार गुना शहर अंतर्गत 33/11 केव्ही बूढे.बालाजी से निकलने वाले फीडरों पर आरडीएसएस योजनांतर्गत कार्य होने से दिनांक 11 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक पुरानी छवनी, सकतपुर रोड, हरिपुर रोड़ सरस्वती बिहार कॉलोनी, बूढे. बालाजी, पवन कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, मरघट शाला, हनुमान टेकरी, शिवपुरम कॉलोनी, न्यू टेकरी रोड, बूढे. बालाजी आदि क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा।

# पीड़ितों की आवाज : जनसुनवाई बंद करो... या हमें इच्छा मृत्यु दो...

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना




साहब! या तो हमारे परिवार के 22 सदस्यों को सामूहिक इच्छा मृत्यु की अनुमति दे दो, या फिर हमें इस देश से निकाल दो। प्रशासन के खोखले आश्वासनों की चौखट पर माथा रगड़ते-रगड़ते हम थक चुके हैं। यह कारुणिक और आक्रोशित पुकार मंगलवार को गुना कलेक्टोरेट परिसर में गूंजी, जब ग्राम टोरिया (मावन) निवासी एक पीड़ित बुजुर्ग ब्राह्मण परिवार जनसुनवाई के बहिष्कार की तख्तियां लेकर प्रदर्शन करने पहुंचा।

पीड़ित श्यामबाबू शर्मा का आरोप है कि उनकी पुश्तैनी जमीन पर हरिजन बस्ती के कुछ रसूखदार लोगों ने जबरन कब्जा कर रखा है। स्थिति यह है कि दबंग उन्हें अपनी ही जमीन जोतने नहीं दे रहे और वहां से जबरन रास्ता निकाल लिया गया है। बुजुर्ग पिछले चार महीनों में एक दर्जन से अधिक बार प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर लगा चुके हैं और लगातार आठ बार जनसुनवाई में लिखित आवेदन दे चुके हैं। लेकिन हर बार उन्हें केवल तारीख पर तारीख और झूठे आश्वासन ही मिले।

बुजुर्ग ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि तहसीलदार कमल मंडेलिया हर बार आश्वासन देते हैं, लेकिन अंत में पुलिस बल न होने का बहाना बनाकर कार्रवाई टाल दी जाती है। वहीं, जब पीड़ित इस गुहार को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे, तो वहां से जवाब मिला कि हमारे पास पर्याप्त पुलिस बल है, बस तहसीलदार एक बार मांग तो करें। अधिकारियों के इस टालमटोल वाले रवैये ने पीड़ित परिवार को मरने पर मजबूर कर दिया है।

### 22 सदस्यों के साथ मांगी इच्छा मृत्यु

मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे परिवार के हाथों में प्रशासन के झूठे आश्वासन और जनसुनवाई बंद करो की तख्तियां थीं। श्यामबाबू शर्मा ने कलेक्टर के नाम सौंपे पत्र में स्पष्ट लिखा है कि वे दो साल से अपनी जमीन पर खेती नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनके परिवार के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है। हताश होकर उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि यदि उन्हें अपनी जमीन वापस नहीं मिल सकती, तो पूरे परिवार के 22 सदस्यों को इच्छा मृत्यु की स्वीकृति दी जाए या फिर उन्हें देश निकाला दे दिया जाए।

### रेलवे ट्रैक पर मिली लाश की हुई शिनाख्त

**गुना।** शहर के कैंट थाना अंतर्गत विवेक कॉलोनी के पास रेलवे पटरियों पर शनिवार रात को मिले अज्ञात शव की शिनाख्त मंगलवार को हो गई है। मृतक की पहचान प्रशांत कुशवाह (27) पुत्र बहादुर कुशवाह, निवासी नानाखेड़ी के रूप में हुई है। प्रशांत चार मासूम बच्चों का पिता था और नानाखेड़ी मंडी में हम्माली का काम करता था। परिजनों के अनुसार, प्रशांत शनिवार रात करीब 9 बजे घर से यह कहकर अपनी मोटरसाइकिल से निकला था कि वह करीला मेला जा रहा है। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। शनिवार रात को ही पुलिस को विवेक कॉलोनी के पास पटरियों पर उसका शव मिला था, जिसकी दो दिनों तक शिनाख्त नहीं हो सकी थी। सोमवार देर रात जब परिजनों ने जिला अस्पताल के मर्चुरी हाउस में शव देखा, तो कोहराम मच गया। मृतक के भाई विक्की कुशवाह और अन्य परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि प्रशांत का विवेक कॉलोनी की पटरियों की ओर जाने का कोई कारण नहीं था, उसे कोई बहला-फुसलाकर वहां ले गया है। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है कि यह दुर्घटना है, आत्महत्या या सोची-समझी साजिश।



## खेत पर मजदूरी के लिए जा रहीं महिलाओं के साथ हुआ हादसा

# अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा 1 महिला की मौत, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना



गुना। जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। रूठियाई से धरनावदा मार्ग के बीच हरिपुरा गांव के पास खेत पर मजदूरी करने जा रही महिलाओं से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य महिलाएं घायल हो गईं। घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया।उधर गादेर घाटी के पास एक और बड़ा हादसा होते-होते बच गया, जब एलपीजी गैस से भरे टैंकर को पीछे से अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से टैंकर का मुख्य वाल्व क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें भरी करीब 20 टन एलपीजी गैस का रिसाव शुरू हो गया। समय रहते ड्राइवर की सतर्कता और रेस्क्यू टीम की त्वरित कार्रवाई से संभावित बड़ा हादसा टल गया।जानकारी के अनुसार रूठियाई क्षेत्र से डेढ़ दर्जन के करीब महिलाओं को एक ऑटो चालक अपने गांव पदना स्थित खेत पर फसल कटाई के लिए मजदूरी कराने ले जा रहा था। बताया जा रहा है कि ऑटो में क्षमता से अधिक महिलाएं सवार थीं। हरिपुरा गांव के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार के कारण ऑटो चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ऑटो पलट गया। हादसे में रूठियाई निवासी फूलबाई पत्नी रामस्वरूप प्रजापति (42) ऑटो के नीचे दब गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों और अन्य महिलाओं की मदद से घायलों को निजी वाहनों से रूठियाई अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद कई महिलाओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल गुना रेफर किया गया।बताया है कि घटना के बाद ऑटो क्रमांक एमपी 08 पी 1534 का चालक वाहन छोडक़र मौके से फरार हो गया।ऑटो चालक अपने ही खेत पर फसल कटाई के लिए महिलाओं को ऑटो में बिठाकर ले जा रहा था। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतिका फूलबाई के तीन बच्चे हैं उनका परिवार मजदूरी कर अपना जीवनयापन करता था। हादसे के बाद परिवार में शोक के साथ आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

## ईंधन को लेकर मची हर ओर अफरा-तफरी कमर्शियल गैस सिलेंडर पर रोक से हड़कंप

### कलेक्टर ने बुलाई होटल संचालकों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

पश्चिम एशिया में छिड़े ईरान-इजराइल और अमेरिका युद्ध के बीच ईंधन की किल्लत की आहट ने स्थानीय स्तर पर ईंधन आपूर्ति को लेकर घबराहट पैदा कर दी है। गुना सहित समूचे अंचल में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की संभावित किल्लत की खबरों से बाजार में हडक़ंप मचा हुआ है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने रबी फसल की कटाई को देखते हुए डीजल का स्टॉक करने के लिए पंपों पर उमड़ रहे हैं।

इसी बीच भारत सरकार द्वारा व्यावसायिक (कमर्शियल) सिलेंडरों की सप्लाई पर अचानक रोक लगाने के फैसले ने होटल और रेस्टोरेंट व्यवसायियों की चिंताएं बढ़ा दी हैं।ईंधन और गैस की इस उभरती हुई स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। कलेक्टर किशोर कन्याल की अध्यक्षता में देर शाम महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है, जिसमें मुख्य रूप से होटल संचालकों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति बंद होने के मद्देनजर प्रशासन अब व्यापारियों को परंपरागत ईंधन (जैसे बिजली या अन्य विकल्प) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।अफवाहों और किल्लत की खबरों के बीच जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी अवधेश पांडे ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया जिले के प्रत्येक पेट्रोल पंप पर 6-6 हजार लीटर पेट्रोल और डीजल को इमरजेंसी के लिए रिजर्व रखा गया है। वहीं डिपो से तेल की निरंतर आवक हो रही है और मांग के अनुसार सप्लाई दी जा रही है। जिले में खुद के बॉटलिंग प्लांट होने के कारण घरेलू गैस की उपलब्धता पर्याप्त है। केवल कमर्शियल सप्लाई पर केंद्र के निर्देशानुसार रोक लगी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि युद्ध की आड़ में यदि कोई एजेंसी संचालक या बिचौलिया ईंधन की ब्लैक मार्केटिंग (कालाबाजारी) करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग की टीमें लगातार स्टॉक की निगरानी कर रही हैं और गैस एजेंसियों से दैनिक रिपोर्ट मांगी जा रही है। अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि वे घबराकर अनावश्यक स्टॉक न करें, क्योंकि जिले में पर्याप्त ईंधन मौजूद है।

## गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने वाली एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने प्रस्ताव भेजें:कलेक्टर

**श्योपुर।** जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित एकल नलजल योजनाओं के कार्यो को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जायें, ऐसी एजेंसियों जो समय पर कार्य पूर्ण नही कर रही है और कार्य की गुणवत्ता भी ठीक नही है, ऐसी फर्मो के विरूद्ध ब्लैकलिस्ट करने की कार्यवाही के प्रस्ताव भेजे जायें। यह निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य कर रही मुरैना की डण्डोतिया कंस्ट्रक्शन कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की कार्यवाही की गई, उक्त फर्म द्वारा वियजपुर एवं कराहल क्षेत्र में 9 स्थानों पर कार्य किया जा रहा था। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है, उन्हें पंचायतों के हैंडओवर करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। जिन योजनाओ में बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर की स्थापना की जाना है, वहां एमपीईबी को डिमांड प्रदाय कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, कार्यपालन यंत्री पीएचई एलपी सिंह, एसी एमपीईबी एलएन पाटीदार, सीईओ जनपद एसएस भटनागर सहित पीएचई विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य कर रही निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि, संचालक उपस्थित थे। कार्यपालन यंत्री एलपी सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम योजना में 308 ग्रामों में कार्य किया जा रहा है, जिसमें से 238 ग्रामों में कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 151 योजनाएं हस्तांतरित कर दी गई है,



## मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में गुहार लगाने पहुंचे अलग-अलग समस्याओं को लेकर अनेक क्षेत्र से लोग

# फिर उठा पानी में जहर का मामला, ट्रांसपोर्टरों ने मांगी मोहलत, पुजारी ने लगाए गंभीर आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिले भर से आए लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अलग-अलग मामलों में शिकायतें और आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिन पर संबंधित विभागों को जांच व आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### खाद्य पदार्थों और पानी में जहर मिलाने की शिकायत

ग्राम डोंगर, तहसील राधोगढ़ निवासी केदार सिंह धाकड़ ने शिकायत की कि 25 फरवरी 2026 की शाम को गांव के रमेश धाकड़, विजय सिंह धाकड़ और मनोज धाकड़ ने उनके घर में घुसकर खाद्य पदार्थों और पीने के पानी में सलफास और कीटनाशक दवा मिला दी। उस समय परिवार शादी समारोह में गया हुआ था। रात में घर लौटने पर उनकी पत्नी ममता बाई ने मटके का पानी पी लिया, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई और उल्टियां शुरू हो गईं। उन्हें तत्काल गुना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायतकर्ता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और थाना विजयपुर द्वारा अब तक कार्रवाई न किए जाने की जांच की मांग की है।

### ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पर यातायात व्यवस्था का असर



ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों ने आवेदन देकर बताया कि शहर में लागू नई यातायात व्यवस्था से उनके कामकाज पर असर पड़ रहा है। उनका कहना है कि वे दैनिक उपयोग की वस्तुएं, किराना सामग्री और जीवनरक्षक दवाइयों का परिवहन करते हैं। नई व्यवस्था के कारण समय पर सामग्री का परिवहन और वितरण प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से व्यवस्था में संशोधन कर परिवहन कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने की मांग की है। सुबह 2 और रात को 2 घंटे की सुविधा प्रदान करें तो यह अच्छा रहेगा।

### पुजारी नियुक्ति में रिश्वत लेने का आरोप



ग्राम कुन्दौली तहसील आरोन निवासी नीतेश शर्मा ने शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि पुजारी नियुक्ति के लिए एसडीएम कार्यालय में फाइल लगाने के दौरान एक बाबू द्वारा 1 लाख 20 हजार रुपये लिए गए थे।

शिकायतकर्ता का कहना है कि राशि लेने के बाद नियुक्ति आदेश जारी हुआ, लेकिन बाद में और पैसे की मांग की गई। पैसे नहीं देने पर 21 जनवरी 2026 को आदेश निरस्त कर दिया गया। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और दी गई राशि वापस दिलाने की मांग की है।

### ग्रामीणों ने रास्ता खुलवाने की लगाई गुहार



ग्राम ढीमरपुरा क्षेत्र के ग्रामीणों ने शिकायत की कि वर्षों से उपयोग में आ रहा रास्ता कुछ लोगों द्वारा झाड़ियां और कांटे डालकर बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन के निर्देश पर ताला तो खुलवाया गया, लेकिन रास्ता पूरी तरह से नहीं मिला। इससे बच्चों और ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से स्थायी रूप से रास्ता खुलवाने की मांग की है।जनसुनवाई में आए इन सभी आवेदनों को प्रशासन ने संबंधित विभागों को भेजकर जांच व आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### जनसुनवाई में सुनी गई आमजनों की समस्याएं, अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

**गुना ।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। इस दौरान लगभग 176 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री महिमा चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा विभिन्न आर्थिक सहायता प्रकरणों में आवेदकों को सहायता राशि के चैक प्रदान किए गए। जनसुनवाई में राजेश हरिजन को उनके पुत्र के उपचार के लिये 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि एवं मुकेश अहिरवार को पिता के उपचार के लिये 05 हजार रूपये के चेक रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदान किए।



## समाचार संक्षेप

### विद्युत (संशोधन) विधेयक-2025 के विरोध में सौंपा ज्ञापन, निजीकरण का किया विरोध




**आरोन।** विद्युत (संशोधन) विधेयक-2025 को रद्द करने की मांग को लेकर विद्युत उपभोक्ता एसोसिएशन के सदस्यों ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) के माध्यम से भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एसोसिएशन के सदस्य महेंद्र नायक ने कहा कि प्रस्तावित विधेयक बिजली के निजीकरण और महंगी बिजली लागू करने की दिशा में उठाया गया कदम है, जिसका संगठन विरोध करता है।उन्होंने कहा कि विधेयक का उद्देश्य देशभर में संपूर्ण बिजली वितरण प्रणाली का निजीकरण करना है, जिसका संगठन विरोध करता है। उनका मानना है कि बिजली एक आवश्यक सेवा है और इसे लाभ कमाने का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि प्रस्तावित विधेयक में मौजूदा सब्सिडी को पांच वर्षों के भीतर समाप्त करने का प्रावधान है, जो आम उपभोक्ताओं और किसानों के लिए हानिकारक साबित होगा।एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि विधेयक में सार्वभौमिक सेवा दायित्व को समाप्त करने और एक क्षेत्र में कई लाइसेंसधारियों को अनुमति देने का प्रावधान है। इससे निजी कंपनियां राज्य की बिजली वितरण कंपनियों के बुनियादी ढांचे का उपयोग कर लाभप्रद क्षेत्रों में कारोबार करेंगी, जबकि सरकारी कंपनियां आर्थिक रूप से कमजोर हो जाएंगी।इसके अलावा संगठन ने स्मार्ट मीटर लगाने के प्रावधान का भी विरोध जताया। उनका कहना है कि निजी कंपनियां तैयार स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालेंगी।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि बिजली शुल्क निर्धारित करने का अधिकार केवल नियामक आयोग को देना खतरनाक प्रावधान है। संगठन की मांग है कि बिजली दरों का निर्धारण हितधारकों से परामर्श कर किया जाए।संगठन ने यह भी कहा कि विधेयक में लागत-अनुरूप शुल्क लागू करने का प्रस्ताव है, जिसे आम उपभोक्ताओं और किसानों पर लागू नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि बिजली अधिनियम-2003 में पहले से ही प्रत्येक चरण में 16 प्रतिशत लाभ की गुंजाइश दी गई है, इसलिए घाटे का हवाला देकर सरकार को इस महत्वपूर्ण क्षेत्र का निजीकरण नहीं करना चाहिए।एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से विद्युत (संशोधन) विधेयक-2025 को निरस्त करने की मांग की है।

# पेंशनर संघ ने जनसुनवाई में उठाई समस्याएं, एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा



अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पेंशनर संघ के सदस्य जनसुनवाई में पहुंचे और एसडीएम रवि मालवीय को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान रिटायर्ड शिक्षकों ने अपनी लंबित भुगतान और सेवा संबंधी परेशानियों को विस्तार से बताया।पेंशनर संघ के सदस्यों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक सेवानिवृत्त शिक्षकों को अब तक ग्रेच्युटी राशि, समूह बीमा राशि और जीपीएफ राशि प्राप्त नहीं हुई है। साथ ही कई शिक्षकों के अर्जित अवकाश (Earned Leave) के प्रकरण भी अब तक ऑनलाइन नहीं किए गए हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और प्रशासनिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक शिवराज सिंह राजपूत ने बताया कि उनकी सेवा पुस्तिका बीईओ ऑफिस चाचौड़ा से गायब हो गई है, जिससे उनका प्रकरण लंबित है। उन्होंने जांच कर कार्रवाई करवाने और अर्जित अवकाश के मामले में निराकरण करने की मांग की।इसके अलावा गोकुल प्रसाद,राजेंद्र प्रसाद शर्मा, मंटी लाल मीणा सहित अन्य सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भी बताया कि उनका भुगतान आज तक नहीं हुआ है। वहीं सत्येंद्र कुमार जैन (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक माध्यमिक) को शासन द्वारा राजपत्रित अधिकारी की मान्यता दिए जाने के बावजूद ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान मुख्यालय पर रोकने के कारण उन्हें अर्जित अवकाश की पात्रता मिलनी चाहिए। महिपाल सिंह चौहान, ओम प्रकाश शर्मा सहित कई शिक्षक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार बीईओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है।इस संबंध में एसडीएम रवि मालवीय ने आश्वासन दिया कि सभी मामलों की जांच कराकर जल्द ही समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

### पत्रकार भवन में चोरीः चोरों ने सर्च लाइट और पानी की टंकी के ढक्कन पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

नगर के नवागत पत्रकार भवन में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरों ने भवन परिसर से एक सर्च लाइट और पानी की टंकी का ढक्कन चोरी कर लिया है। हाल ही में उद्घाटित पत्रकार भवन (नजदीक रजिस्ट्रार कार्यालय) चोरी गई सामग्रीः सुरक्षा के लिए उपयोग की जाने वाली सर्च लाइट और छत पर स्थित पानी की टंकी का ढक्कन।सुबह जब पत्रकार साथी भवन पहुंचे, तब उन्हें इस चोरी की जानकारी मिली।इस घटना से स्थानीय पत्रकारों में रोष व्याप्त है। पत्रकारों का कहना है कि शासकीय कार्यालयों के पास स्थित इस भवन में चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। पूर्व में भी क्षेत्र में छोटी-मोटी चोरियों और अतिक्रमण की खबरें आती रही हैं, लेकिन अब चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे सार्वजनिक और संस्थागत भवनों को भी नहीं छोड़ रहे हैं।प्रशासन से मांगःस्थानीय पत्रकार संघ ने प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और दोषियों की पहचान कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।



### निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 13 मार्च से

**गुना।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय शालाओं में वंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिलाने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की समय-सारणी राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल द्वारा जारी कर दी गई है।जिला परियोजना समन्वयक ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि आरटीई अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया 13 मार्च से प्रारंभ होकर 28 मार्च तक संचालित की जाएगी। इस अवधि में पात्र अभिभावक अपने बच्चों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### विस अध्यक्ष का वाहन दुर्घटनाग्रस्त



**अशोकनगर।** जिले में पूर्व विधायक राजकुमार सिंह यादव के निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने आए मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का वाहन जब वापस अशोकनगर से देहरादा मार्ग की ओर जा रहा था तभी शाम 5.20 बजे के बाद जघार गांव के समीप उनका वाहन सड़क निर्माण कार्य चलने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह मामला तब हुआ जब पी एस ओ का वाहन आगे चल रहा था तभी निर्माण सामग्री पर चढ़ गया और उससे वाहन पलट गया। हालांकि हादसे में किसी को चोंट नहीं आई और एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

# गेल विजयपुर में CISF का 57वां स्थापना दिवस मनाया, परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़





केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई गेल विजयपुर में मंगलवार, 10 मार्च को उप कमांडेंट आशीष रावत के नेतृत्व में CISF का 57वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गेल विजयपुर के कार्यकारी निदेशक राकेश कुमार सिंह रहे।स्थापना दिवस के अवसर पर सुबह CISF के जवानों द्वारा भव्य सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान कमांडो दस्ते ने विभिन्न हथियारों के साथ आकर्षक परेड प्रस्तुत की। परेड के बाद मुख्य अतिथि ने उपस्थित जवानों और अतिथियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

#### सुरक्षा सप्ताह के तहत हुए विभिन्न आयोजन

स्थापना दिवस के पूर्व 3 मार्च से 9 मार्च 2026 तक इकाई में सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान आमजन के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता और बल के प्रति समर्पण की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। जवानों के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके साथ ही गेल प्रबंधन के खिलाड़ियों और CISF जवानों के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मैच और वॉलीबॉल टूर्नामेंट भी आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूकता का संदेश दिया गया। स्थापना दिवस की संध्या पर CISF परिसर ग्राउंड में 'बड़ा खाना' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जवानों और उनके परिवारजनों ने सांस्कृतिक और रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में खास आकर्षण पैदा किया। मुख्य अतिथि राकेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में CISF के उप कमांडेंट आशीष रावत ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए जवानों और उनके परिवारजनों को 57वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरक्षित निरीक्षक महेंद्र सिंह मीना, उप निरीक्षक प्रदीप कुमार मान, उप निरीक्षक बहादुर सिंह पटेल, उप निरीक्षक मोहनलाल चौहान, आसूचना प्रभारी सहायक उप निरीक्षक जोगा सिंह, सहायक उप निरीक्षक नीरभ सिंह यादव, सहायक उप निरीक्षक केशव सिंह, प्रधान आरक्षक गुरपिंदर सिंह सहित अन्य जवानों का विशेष योगदान रहा।

## स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा गांव-गांव में जाकर चलाया जा रहा है स्कूल बचाओ अभियान......

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन




आरोन,स्कूल बचाओ समिति के द्वारा गांव-गांव में जाकर स्कूल बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के साथी हजरत अहिरवार ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 94 हजार सरकारी स्कूलों को सांदीपनि स्कूल ,कम नामांकन आदि के नाम पर बंद किया जा रहा है। उसी के तहत गुना जिले के 300 स्कूलों को बंद किया जा रहा है। स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के साथियों ने जब गांव-गांव में जाकर देखा की ग्राम अमोदा में प्राइमरी वा मीडिल स्कूल की अलग-अलग भवन थे लेकिन उन भावनो को एकीकृत शाला में मर्ज कर दिया गया यानी उन दो स्कूलों को बंद करके सिर्फ एक स्कूल रखा गया जब हमने ग्राम पिपरौदा में जाकर देखा कीवसरकारी स्कूल में हैंडपंप नहीं है पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है टॉयलेट की व्यवस्था नहीं है इन तमाम समस्याओं के खिलाफ स्कूल बचाओ समिति के द्वारा 11 मार्च को दोपहर 12:00 बजे आरोन में एक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उसी की तैयारियों के क्रम में आरोन तहसील के अलग-अलग ग्रामों में जाकर स्कूलों को बचाने के लिए संघर्ष कमेटियों का निर्माण किया जा रहा है। सभी आमजन एवं शिक्षा प्रेमियों से हमारी अपील है कि आप सभी इस अभियान से जुड़ें।एवं आंदोलन को मजबूती प्रदान करें।

### अशोकनगर शहर ने पलक पावड़े बिछाकर किया भव्य स्वागत

## यूपीएसी परीक्षा में चितवन जैन ने हासिल की 17वी रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर





भारत सरकार की सबसे बड़ी यूपीएससी परीक्षा में 17वीं रैंक हासिल करने वाले चितवन जैन का अशोकनगर शहर में जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान एक चल समारोह निकाला गया।

तुलसी पार्क से निकाला गया यह चल समारोह स्टेशन रोड, गांधी पाक, अस्पताल चैराहा, पछाड़ी खेड़ा रोड आदि मार्ग से निकला। इस दौरान जगह जगह लोगों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। अशोकनगर के इतिहास में पहली बार चितवन जैन ने यूपीएससी परीक्षा में 17वी रैंक हासिल कर दिखा दिया है कि वह किसी से कम नहीं है और अशोकनगर के बच्चे बड़े शहरों से भी कम नही हैं। चितवन जैन अपने पिता के साथ खुले वाहन में निकले। इस दौरान लोगों ने उनकी उपलब्धि को सराहा और अब लोगों के लिए वह प्रेरणा स्त्रोत भी बने हैं, हालांकि यूपीएससी परीक्षा में अशोकनगर जिले से कई लोगों को चयन होने का मौका मिला है लेकिन या तो आईपीएस या फिर रेलवे आदि तक पहुंच पाए हैं। इस आइएएस के पद तक पहुंच कर चितवन जैन ने एक नया रिकॉर्ड कायम किया है।



### 1 घंटे में गुम हुए 11 वर्षीय नाबालिग बालक को किया बरामद

**अशोकनगर।** थाना देहात पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुम हुए 11 वर्षीय बालक को मात्र 01 घंटे में सकुशल तलाश कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि 9 मार्च को शाम करीब 04.00 बजे ग्राम आंवरी निवासी फरियादिया द्वारा थाना देहात उपस्थित होकर बताया कि उनके 11 वर्षीय पुत्र को उन्होंने डांट दिया था, जिससे नाराज होकर वह बिना बताए घर से कहीं चला गया है। परिजनों द्वारा आसपास एवं रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी बालक का कोई पता नहीं चल सका। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देहात द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए परिजनों द्वारा बताए अनुसार तकनीकी संसाधनों के आधार पर संभावित स्थानों की जानकारी ली गई। इस दौरान तकनीकी सूचना के आधार पर बालक को संकटमोचन मंदिर से सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा,आरक्षक पुष्पेन्द्र सिंह जाट, आरक्षक जितेन्द्र सिंह एवं आरक्षक दीपक झा की अहम भूमिका रही।

# सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समितियों और नवांकुर सखियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति द्वारा मड़खेड़ा सेक्टर 01 अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण का आयोजन पलकटोरी के पास मां बिजासन माता मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया प्रशिक्षण से पूर्व मां सरस्वती छायाचित्र पर पुष्प एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय वैरागी ने जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी कहा आप गर्मियों में पशु पक्षियों के पानी के लिए 50 प्रतिशत राशि जन सहयोग से एकत्रित करे और 50 प्रतिशत राशि मै खुद दूंगा। विशिष्ट अतिथि जगमोहन यादव बीएसी ने प्रस्फुटन समितियों से कहा आप सरकार और जनता के बीच सेतु का कर रही है आपका कर प्रशंसनीय है। बद्री प्रसाद चैहान जिला समन्वयक ने फर्म सोसायटी के पंजीयन के बारे में जानकारी दी, विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने प्रस्फुटन समितियों के कार्य की कार्य योजना पर प्रकाश डाला और नशा मुक्ति ,दस विभागों की 22 योजनाओं की जानकारी दी, बलवीर सिंह यादव मास्टर ट्रेनर बाल संस्कार ने बाल संस्कार केंद्र प्रत्येक प्रस्फुटन ग्रामों में संचालित हो जन सहयोग से जिससे बच्चों की नींव मजबूत हो, पान बाई प्राचार्य मानकपुर स्कूल ने नवांकुर सखियों को संबोधित करते हुए कहा अब महिलाएं भी पुरुषों से कम नहीं आदि मंचासीन अतिथियों ने अपने वक्तव्य में प्रस्फुटन समितियों को दस्तावेजीकरण अन्य पर फोकस दिया जिससे प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजी मजबूत हो इस प्रशिक्षण में उपस्थित नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति अध्यक्ष सुनील कुमार सेन,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पलकटोरी, लखेरी बरसाती, खिरिया गुहांस, पीपनावदा, रावसर से अध्यक्ष सचिव सदस्य एवं नवांकुर साखियां मेंटर्स गणेशराम अहिरवार, सीएम एंटन रामकुमार यादव मौजूद रहे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया के जन्म दिवस पर किया स्मरण



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को स्थानीय तुलसी सरोवर पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर उनकी जयंती मनाई गई।

इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह द्वारा उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों पर चल रहे उनके पुत्र केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा संसदीय क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में उनका कद बहुत बड़ा था। वह दलगत राजनीति से ऊपर विकास पुरुष थे, जिन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा सकारात्मक प्रयास किए,उनकी कार्य शैली ऐसी थी कि विरोधी भी उनकी प्रशंसा करते थे। ऐसे सर्वप्रिय नेता का आज जन्मदिन है, हम उन्हें सादर नमन करते। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मलकीत सिंह संधू, अनीता जैन, राजेश जैन तारई, विष्णु शर्मा, विकास जैन लखन उपाध्याय लखन राजोरिया इधर सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर लखन रघुवंशी धुररा डॉक्टर जयमंडल यादव डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी डॉ राजकुमार रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिन्होंने सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

### बच्चा चुराकर ले जाती महिला को भीड़ ने पकड़ा



**अशोकनगर।** नगर में मंगलवार सुबह हायर सेकेंडरी स्कूल के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब एक महिला एक बच्चे को पकड़े हुए थी और यह देख बच्चे के परिवार जन घबरा गए और महिला के हाथ से बच्चा छीना। गुस्साए परिवार जनों और वहां देख यह महिला को लोगों की भीड़ जमा हो गई और लोगों ने मामले की सूचना डायल 112 पर दी तब मौके पर पहुंची, 112 पुलिस ने महिला को अपनी हिरासत में थाने ले गई। देखा जाए तो पिछले दो-तीन दिन पहले यही महिला चंदेरी से लगभग 15 किलोमीटर दूर ग्राम सकवारा मैं भी यह महिला ने किसी बच्चे को पकड़ लिया था जिसके बाद गांव में महिला को पकड़ कर लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया था वही जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि महिला मानसिक रूप से विचलित है लेकिन लोगों का मानना है कि यदि मानसिक रूप से विचलित है तो इस तरह बच्चों को क्यों पकड़ रही है देखा जाए तो देश में आए दिन बच्चा चोरी की घटनाएं सामने आ रही है जिसके बाद लोगों में एक डर और भय का वातावरण देखने को मिल रहा है।
10 मार्च फोटो न.10 लोगों की भीड़ ने अधेड़ महिला को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

## 126 आवेदकों की कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 126 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही गूगलमीट से समस्त एसडीएम,सीईओ जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जुडे रहे।

जनसुनवाई में ग्राम मनिहारी निवासी अंकेश अहिरवार द्वारा संबल कार्ड बनवाये जाने,ग्राम हैदर निवासी अक्षय यादव द्वारा आयुष्मान कार्ड नाम में संशोधन कराये जाने,ग्राम कैथन निवासी विकास कुशवाह द्वारा रास्ता दिलाये जाने,अशोकनगर निवासी राजेन्द्र चंदेल द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम चिरोली निवासी राजोबाई आदिवासी द्वारा आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कराये जाने,ग्राम रसूलपुर निवासी सरूपी बाई आदिवासी द्वारा फार्मर आईडी बनवाये जाने,ग्राम चिरोली निवासी निरन सिंह आदिवासी द्वारा पट्टा दिलाये जाने,ग्राम पीपलखेडा निवासी रामलाल अहिरवार द्वारा जमीन के रूपये दिलाये जाने,ग्राम खिरकाटांका निवासी कृष्णाबाई द्वारा भूमि डूब क्षेत्र में आने पर परिसंपत्ति का भुगतान कराये जाने,ग्रा प्यासी निवासी मधवा अहिरवार द्वारा बटवारा कराये जाने,ग्राम करख्या निवासी रामकुमार रघुवंशी द्वारा कुआ खुदाई की अनुमति दिलाये जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए।

## साउथ व असम के धागे को चंदेरी साड़ी बनाने में किया जाएगा शामिल



**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी नगर के हैंडलूम पार्क में मंगलवार को एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें चंदेरी हटकर का चंदेरी साड़ी बनाने वाले बंद करो और धागा कंपनी के साथ साकेत मालवीय ने बैठक आयोजित की। इस बैठक में धागे से जुड़ी विभिन्न जानकारियां साड़ी बनाने वाले विवर्स को दी गई जानकारी अनुसार साउथ और असम में धागा बनाया जाता है और अब यह धागा कंपनी से जुड़े लोग चंदेरी साड़ी में इस्तेमाल को लेकर की चर्चा की की और इसको लेकर बारीकी से जानकारियां एकत्रित की इस कार्य साल में जिले के कलेक्टर साकेत मालवीय अपर कलेक्टर राजेश कुमार जैन जिला पंचायत सीईओ और हैंडलूम पार्क के अधिकारी सहित पूर्वोत्तर राज हटकर का हस्तशिल्प निगम के अधिकारी मौजूद रहे बैठक में चंदेरी भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा पूर्व सांसद प्रतिनिधि शरद शाद जगन्नाथ सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### रेल पटरियों पर 40 वर्षीय युवक का शव मिला

**अशोकनगर।** पश्चिम मध्य रेलवे के बीना गुना रेल खण्ड के अशोकनगर रातीखेडा स्टेशनों के बीच रूसल्ला रेलवे फाटक के पास एक युवक का शव रेल पटरियों पर मिला है जिसकी पहचान ग्राम मारूप निवासी मोहर सिंह पुत्र कमला अहिरवार उम्र 40 वर्ष के रूप में की गई है। घटना में बारे मे बताया गया है कि मृतक सोमवार की शाम को घर से बाजार जाने की कहकर निकला था जिसके बाद वह घर वापिस नहीं लौटा। जब वह घर नहीं आया तब परिवार जनों ने उसकी तलाश की, जब आसपास और परिचितों के यहां नहीं मिला तब रेल पटरियों पर तलाश की गई। तब उसका शव रेल पटरियों पर मिला, जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रह है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाम वायंगा निवासी रामकुमार अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रिंकू, जंगबहादुर और हर्षू यादव ने फरियादी व उसकी मां से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले ईसागढ के थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आकलोन निवासी जीवनलाल बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप, बाबू और प्रमोद बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### उपचार के दौरान महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत मोहनी पुत्री मोहन प्रजापति उम्र 10 साल को पेट दर्द व सीने में दर्द की शिकायत के बाद बहादुरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है

### सड़क दुर्घटनाओं के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के दो अलग अलग मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत बमनाई हवेली निवासी कपिल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बरखेडा जागीर के पेट्रोल पंप के पास कार क्रमांक एमपी 07 जेडव्ही 5624 के चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उसकी बहन को चोटे आई हैं। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम बनैरा निवासी शीर्ष भान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार क्रमांक एमपी 07 जेडई 6773 के चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर भर्रोली तिराहे पर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आईं हैं।

### सरिया से भरा ट्रक पलटा, बड़ी दुर्घटना टली



**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत सिंहपुर घाटी के समीप एक महिला को बचाने के प्रयास में यह भारी भरकम ट्रक संतुलन बिगड़ने से पलट गया और घाटी के नीचे जा गिरा। इस घटना में ड्रायवर और कन्डक्टर दोनों बाल बाल बच गए। बताया गया है कि यह घटना सिंघपुर घाटी से गुजरते समय अचानक मोड़ पर नीचे यह घटना हुई। इस ट्रक में लोहे का सरिया भरा हुआ था जो रायगढ़ छत्तीसगढ़ से ग्वालियर जा रहा था। ट्रक में ड्रायवर कंडक्टर के रूप में सोनू सिंह रावत पुत्र कालू रावत उम्र 25 साल और मदान पुत्र बल्कार रावत उम्र 25 साल शामिल हैं। सोनू रावत अजमेर का रहने वाला है और मदान रावत नसेराबाद का रहने वाला है। ट्रक पलटने की इस घटना में ड्रायवर वाहन के अंदर काफी देर तक फंसा रहा जिसे लोगों की भीड़ द्वारा बाहर निकाला गया।

### घटना में दुल्हन के जीजा की मौत, दुल्हन गंभीर घायल, 4 घायल भोपाल रेफर

# कोलारस से गंजबासौदा शादी में जा रही कार को बोलेरो ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





कोलारस से गंज बासौदा लडकी की शादी में जा रही कार को सामने से आ रही बुलेरो वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में कार का चालक और 4 महिलाएं घायल हुई हैं जिनमें एक बच्ची भी शामिल है। इस घटना में दुल्हन के जीजा वैभव जैन की मौके पर ही मौत हो गई। इसी वाहन में दुल्हन भी सवार थी, उसे भी गंभीर चोटे आई हैं। दुल्हन को भोपाल रैफर किया गया है।

घटना के बारे में बताया गया है कि 11 मार्च को गंज बसौदा में साक्षी जैन का विवाह था जिसमें परिवार के साथ रिश्तेदार कोलारस से गंज बसौदा के लिए 4 कारों के माध्यम से रवाना हुए थे। जब यह वाहन शाढ़ौरा और नईसरायं के बीच बरखेडा गौड़ और मूडरा गांव के बीच से गुजर रहा था,तभी सामने की ओर से तेज गति से आ रहे एक बुलेरो वाहन ने दूसरे नंबर पर चल रही कार में टक्कर मार दी। यह घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस घटना के दौरान उसी समय सड़क से निकल रहा एक बाईक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद तत्काल 112 वाहन को सूचना दी गई और एम्बुलैंस वाहन से कार में सवार सभी को शाढ़ौरा अस्पताल लाया गया। जिसमें बुलेरो वाहन का ड्रायवर भी शामिल था, जिसे शाढ़ौरा अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां से उसे गुना भेजा गया है। शाढ़ौरा तहसीलदार के वाहन से सभी जैन परिवार के घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

**5 घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया एक महिला को छोड़कर सभी को गहरी चोटें** जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने वैभव पुत्र रामबाबू जैन निवासी ब्याबर उम्र 35 साल की मौके पर ही मौत हो गई जो रिश्ते में दुल्हन साक्षी जैन का





जीजा था। इस घटना में घायलों में वाहन चालक सौरभ खटीक, के अलावा जैन परिवार के सदस्यों में पूजा जैन पत्नि वैभव जैन उम्र 32 साल, खुशबू जैन पुत्री आदित्य जैन, प्रेमबाई पति शांतिलाल जैन उम्र 80 वर्ष, दुल्हन की मां शीला बाई उम्र 55 साल और एक डेढ वर्ष की बच्ची भी घायल हुई है।

**दुल्हन सहित 4 घायलों को भोपाल भेजा गया** इस घटना के बाद डॉक्टरों ने दुल्हन साक्षी जैन को आई गंभीर चोटों को देखते हुए उपचार कर रहे डॉक्टर अजय गहलोत ने उन्हे भोपाल रैफर कर दिया है। दुल्हन को सिर में और हाथ पैरों में चोटे आईं है, दुल्हन के बाद शेष 4 धायलों को भी भोपाल रैफर किया गया है। यह सभी गंभीर हैं। डॉ. गहलोत ने बताया कि सबकी कम से कम 3-3 हडिडयां टूटी हैं।

**बुलेरो वाहन चालक लहराते हुए वाहन चला रहा था** घटना के बारे में बताया गया है कि बुलेरो वाहन चालक अपने वाहन को तेज गति से चला रहा था आगे चल रही गाड़ी को भी चालक ने बार बार बचा लिया था लेकिन पीछे आ रही इस अल्टीका कार को बुलेरो वाहन ने टक्कर मार दी। बुलेरो वाहन का नबंर एमपी 67 बी 0310 है। घटना के बार में बताया गया है कि 11 मार्च को साक्षी जैन की शादी गंज बसौदा में होना थी जिसके लिए परिवार कोलारस से गंज बसौदा के लिए अशोकनगर से होते हुए जा रहा था अशोकनगर पहुंचने से पहले ही यह घटना हो गई।

**घटना के बाद विवाह की रश्मे निरस्त की गई** मंगलवार को इस परिवार को गंजबासौदा पहुंचना था जहां शादी से पहले की रश्में पूरी होना थी लेकिन दुल्हन के जीजा की मौत और दुल्हन के घायल होने से यह सभी रश्में निरस्त कर दी गई हैं। गंज बासौदा में चक्रेश जैन ओडेर वालों के पुत्र गौरव जैन के साथ यह विवाह सम्पन्न होना था। ओडेर का यह परिवार अशोकनगर में भी निवास करता है और उनके परिवार के एक सदस्य चक्रेश जैन गंज बासौदा में निवास करने लगे थे।

**कोलारस और बासौदा के परिवार अशोकनगर पहुंचे:** जैसे ही इस घटना की खबर आई वैसे ही कोलारस और गंज बासौदा के परिवार अशोकनगर पहुंच गए। घायलो के उपचार के समुचित प्रबंध किए गए। बताया गया है कि अशोकनगर में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन के पति अनुराग जैन गुना में नायब तहसीलदार हैं। अनुराग जैन कोलारस के निवासी हैं उनके परिवार में यह विवाह का आयोजन था। साक्षी जैन चाचा की लड़की है, जिसका विवाह में शामिल होने के लिए यह वाहन जा रहे थे। घटना के बाद अशोकनगर के डिप्टी कलेक्टर बृजबिहारी श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, और पुलिस का अमला मौजूद था।

### टीईटी फैसले को चुनौती देने की तैयारी

# शिक्षक संगठन इसी माह दायर करेंगे रिव्यू पिटीशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शिक्षक पात्रता परीक्षा टीएटी को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अब शिक्षक संगठन चुनौती देने की तैयारी में हैं। जानकारी के अनुसार शिक्षक संगठन इसी माह के अंत तक सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर कर सकते हैं।

शिक्षक संगठनों के सोशल मीडिया ग्रुपों में इस मुद्दे को लेकर मध्यप्रदेश सरकार के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। संगठनों का कहना है कि 1 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद भी अब तक प्रदेश सरकार ने इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिससे शिक्षकों में अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। इधर लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा टीईटी से संबंधित आगे की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है और प्रदेश में टीईटी का कार्यक्रम बनाने की तैयारी चल रही है। बताया जा रहा है कि पूरे देश में मध्यप्रदेश ही ऐसा राज्य है, जहां शिक्षा विभाग ने टीईटी का कार्यक्रम तैयार करना शुरू कर दिया है, जबकि उत्तर प्रदेश में फैसले के कुछ ही दिनों बाद इसे चुनौती देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।

### देशभर से 40 पिटीशन दायर, मप्र से एक भी नहीं

शिक्षक संगठनों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ अब तक देशभर से करीब 40 याचिकाएं दायर हो चुकी हैं, लेकिन मध्यप्रदेश से अभी तक एक भी याचिका दाखिल नहीं की गई है। राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 17 सितंबर 2025 को ही अपने बेसिक एजुकेशन विभाग को सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती देने के निर्देश दे दिए थे। राज अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे ने बताया कि तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, केरल, मेघालय, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर सरकार ने परीक्षा को स्थगित कर दिया है और पंजाब सहित कई राज्यों में इस फैसले को चुनौती देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन मध्यप्रदेश सरकार ने अभी तक रिव्यू पिटीशन दायर नहीं की है। मध्य प्रदेश सरकार शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए कब रिव्यू पिटीशन दायर करेगी प्रदेश के 2 लाख शिक्षकों के भविष्य का सवाल है 2 लाख परिवारों और उनके बच्चों के भविष्य का भी सवाल है रोजी-रोटी का संकट खड़ा होने की संभावना है।

### सरकार का इंतजार नहीं करेंगे- दिलीप सिंह रघुवंशी

राज अध्यापक संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी ने कहा कि शिक्षक संगठन अब सरकार का इंतजार नहीं करेंगे। संगठन की ओर से इसी माह के अंत तक सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर की जाएगी। साथ ही इस मुद्दे पर सभी शिक्षक संगठनों को एक मंच पर लाने की तैयारी भी की जा रही है। शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि अशोकनगर जिले की ओर से भी सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर की जाएगी, ताकि शिक्षकों के हितों की रक्षा की जा सके। संगठनों ने यह भी मांग उठाई है कि प्रधानमंत्री से संसद में प्रस्ताव लाकर कानून में संशोधन किया जाए। साथ ही यह भी मांग की जाएगी कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को या तो वर्तमान तिथि से लागू किया जाए या वर्ष 2010 से लागू किया जाए। शिक्षक संगठनों का कहना है कि इस फैसले से पूरे देश के लगभग 51 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा एवं भोपाल में राजधानी स्तर पर भी आंदोलन किया जाएगा इस विषय को लेकर ईसागढ़ में बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी, जिसमें राजाराम सेन, ओपी साहू, प्रकाश राय, राज्य कर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत जैन सहित अन्य शिक्षक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### संगीत, नृत्य व विविध कलाओं के लिए कर सकेंगे रसास्वादन

# बैजू बावरा की स्मृति में बैजू बावरा समारोह चंदेरी में 15 से 17 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी द्वारा जिला प्रशासन अशोकनगर के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महान संगीतज्ञ बैजू बावरा की स्मृति में बैजू बावरा समारोह का आयोजन मेला ग्राउण्ड, चंदेरी में किया जा रहा है।

15 मार्च से 17 मार्च तक आयोजित होने वाले इस समारोह में शास्त्रीय संगीत, नृत्य एवं लोक संस्कृति की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों का आस्वादन सुधिजन कर सकेंगे।उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि महान संगीतज्ञ बैजू बावरा को आदरांजलि स्वरूप यह प्रतिष्ठापूर्ण समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय समारोह के प्रथम दिवस 15 मार्च 2026 को सायं 7 बजे से सर्वप्रथम अकादमी के प्रतिष्ठित मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार का अलंकरण समारोह आयोजित होगा। इसमें दो पुरस्कार मूर्तिकला एवं आठ पुरस्कार चित्रकला विधा के लिए प्रदान किये जाएंगे, जिसमें दत्तात्रय दामोदर देवलालीकर पुरस्कार, रघुनाथ कृष्णराव फड़के पुरस्कार, नारायण श्रीधर बेन्द्रे पुरस्कार, मुकुन्द सखाराम भाण्ड पुरस्कार, देवकृष्ण जटाशंकर जोशी पुरस्कार, जगदीश स्वामीनाथन पुरस्कार, सैय्यद हैदर रजा पुरस्कार, लक्ष्मीसिंह राजपूत पुरस्कार, राममनोहर सिन्हा पुरस्कार एवं विष्णु चिंचालकर पुरस्कार सम्मिलित हैं।

अलंकरण समारोह के साथ ही रूपंकर कला पुरस्कार के लिए आमंत्रित कलाकृतियों में से 80 कलाकृतियों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के ललित कला महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं तीनों दिवस चंदेरी के विभिन्न स्थलों का सजीव चित्रांकन भी करेंगे। प्रथम दिवस अलंकरण समारोह पश्चात पूर्वरंग के अंतर्गत दीपिका पुरोहित, भोपाल का पारम्परिक बुंदेली भजन गायन होगा। इसके बाद सुविख्यात भजन गायक पद्मश्री अनूप जलोटा एवं साथी, मुम्बई का सूफी एवं भजन गायन होगा। समारोह के द्वितीय दिवस 16 मार्च, 2026 को अफजल हुसैन, भोपाल ध्रुपद गायन होगा। इसके बाद डॉ. निखिल बड़ोदिया, इंदौर की सितार वादन की सभा सजेगी। तत्पश्चात सुश्री संघमित्रा तायवाड़े, भोपाल द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति होगी। अंत में बलवंत पुराणिक, भोपाल का कांच वाद्य वादन होगा। अंतिम दिवस 17 मार्च को सर्वप्रथम उल्हास तैलंग, भोपाल की गायन सभा सजेगी। इसके बाद फारुख लतीफ खां, मुम्बई का सारंगी वादन होगा। तत्पश्चात शिप्रा सुल्लेरे, जबलपुर का शास्त्रीय गायन होगा।

### पारम्परिक शिल्पों की कार्यशाला सह विक्रय

प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि समारोह को बहुविध कला उत्सव का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से 'हुनर' कार्यशाला सह विक्रय के 10 स्टॉल भी लगाये जा रहे हैं। जहां पारम्परिक शिल्पकला के कलाकार शिल्पों का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही अशोकनगर जिले के एक जिला एक उत्पाद के 10 स्टॉल एवं पारम्परिक व्यंजनों के उत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है।

# छात्र संगठन ने महाविद्यालय की समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मंगलवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में छात्रों से प्रवेश शुल्क में बस सुविधा के नाम पर की जा रही फीस वृद्धि व छात्रों को होने वाली विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन डीएसओ ने उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त के नाम महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन दिया।

इस दौरान कॉलेज इकाई अध्यक्ष विश्वीर भंडारी ने कहा की शैक्षणिक संस्थान का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना होता है, जिससे वे अपने भविष्य का निर्माण कर सकें और समाज के विकास में योगदान दे सकें। किंतु वर्तमान समय में हमारे महाविद्यालय में कई ऐसी समस्याएँ मौजूद हैं, जिनके कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं बस सुविधा के नाम पर छात्रों से 360 रुपये की फीस वृद्धि कर छात्रों से पैसा वसूला जा रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि अधिकांश छात्रों को इस सुविधा का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। कई छात्र दूर-दराज क्षेत्रों से कॉलेज आते हैं और उन्हें निजी या सार्वजनिक परिवहन का सहारा लेना पड़ता है। ऐसी स्थिति में बस सुविधा के नाम पर यह शुल्क लेना छात्रों के साथ अन्यायपूर्ण है। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले छात्रों के लिए यह एक अतिरिक्त बोझ बन जाता है। साथ ही महाविद्यालय में नियमित कक्षाओं का संचालन नहीं हो रहा है नियमित कक्षाएँ किसी भी शिक्षण संस्थान की मूल आवश्यकता होती हैं।

### खास बातें

- पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्रवेश शुल्क व बस सुविधा के नाम पर की गई फीस वृद्धि पर रोक लगाई जाए व छात्रों को नि:शुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जाए,
- गर्ल्स की सुरक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ,अति शीघ्र गर्ल्स कॉमन रूम चालू किया जाए।
- कॉलेज में छात्र संख्या अनुरूप पर्याप्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक स्टॉफ की स्थाई भर्ती की जाए व नियमित कक्षाएं संचालित करना सुनिश्चित किया जाए,
- यू जी चतुर्थ वर्ष के छात्रों व अध्यनरत सभी छात्रों को लाइब्रेरी में पर्याप्त पाठ्य पुस्तकें, साहित्यिक पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं,
- साइंस की बंद पड़ी विभिन्न लैब चालू की जाएं व प्रयोग सामग्री उपलब्ध कराई जाए, प्रायोगिक कक्षाएं लगाई जाए व महाविद्यालय में पठन-पाठन का माहौल तैयार किया जाए।
- महाविद्यालय में नियमित साफ-सफाई पर ध्यान दिया जाए व पर्याप्त मात्रा में वाटर कूलर, वाटर प्यूरीफायर लगवाए जाएं व छात्रों को पीने योग्य स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाए,
- महाविद्यालय में हमारे देश के आजादी आंदोलन के महान क्रांतिकारियों व महान मनिषियों के दिवस छात्रों व कॉलेज प्रशासन द्वारा सम्मानपूर्वक मनाए जाएं।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए दी हरी झंडी



**अशोकनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के तत्वाधान में तथा म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च को जिला न्यायालय अशोकनगर तथा तहसील न्यायालय, चंदेरी, मुंगावली एवं ईसागढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा सोमवार को जिला न्यायालय परिसर अशोकनगर से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन के माध्यम से आमजन को नेशनल लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जावेगा। ऐसे पक्षकार जिनके मामले न्यायालयों में लंबित हैं या ऐसी परिस्थिति निर्मित है, जो भविष्य में न्यायालय में जाने का विषय बन सकती है, दोनों ही परिस्थितियों में पक्षकार स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर या तहसील विधिक सेवा समिति चंदेरी, मुंगावली एवं ईसागढ़ न्यायालय में संपर्क कर अपने मामलों का निराकरण करा सकते हैं। जिससे दोनों पक्षों में उत्पन्न वैमनस्यता समाप्त हो जाती है और दोनों पक्षकारों की जीत होती है। प्री-लिटिगेशन स्तर पर रखे जाने वाले मामलों में कोर्ट फीस नहीं लगती है तथा लंबित मामलों में पूर्व में दी गई कोर्ट फीस वापस हो जाती है। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश संजीव सिंघल, जिला न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा, जिला न्यायाधीश उपदेश कुमार राठौर, जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार, सी.जे.एम. किरण तुमराची धुर्वे, न्यायाधीश हर्षिता शर्मा गौंड़, न्यायाधीश प्रिया चैहान, न्यायाधीश सोनल गुप्ता, न्यायाधीश शुभम द्विवेदी, अभिभाषक अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू, सचिव बार रामनिवास शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं लीगल एड डिफेंस काउंसल के अधिवक्तागण, अन्य अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### यूपीएससी टॉपर का जैन समाज ने किया सम्मान नबीन पंचायत कमेटी ने दी मंगल शुभकामनाएं

**मुंगावली।** अपने प्रथम प्रयास में यूपीएससी में 17 वी रैंक हासिल करने वाले अशोकनगर के चितवन जैन का जैन समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया ओर सम्मान कर शुभकामनाएं दी गई। मंगलवार को प्रथम वार नगर में पहुंचे चितवन जैन को पंचायत की नवीन कार्यकारणी ने पट्टीका व तिलक लगाकर स्वागत किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे वही इनकी इस कामयाबी पर समाज के वरिष्ठ जनों ने अपने विचार व्यक्त किए जिसमें उन्होंने बताया कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत लगती है ओर सब कुछ छोड़कर केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान देना होता है उसके बाद इस तरह की कामयाबी मिलती है ऑल इंडिया में 17 वी रैंक हासिल करना बहुत बड़ी बात होती है वही चितवन ने भी बताया कि वह कैसे इस लक्ष्य को हासिल कर सके इसके लिए आपको केवल एकाग्र होकर पढ़ना चाहिए साथ ही जब आप किसी को अपना लक्ष्य बना लेते है उसमें कोई भी रुकावट आपको रोक नहीं सकती है ओर एक वह सफलता हासिल हो जाती है। जिसके पीछे आप दिन रात मेहनत करते है।

# कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर में मधुमक्खी पालन पर जिला स्तरीय कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर प्रांगण में मंगलवार को राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के अंतर्गत जिला स्तरीय मधुमक्खी पालन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की खेती के साथ-साथ हम मधुमक्खी पालन को भी अपना कर अपनी आमदनी में इजाफा कर सकते हैं तथा नौजवान लोग भी मधुमक्खी पालन एवं अन्य कृषि आधारित आय मूलक गतिविधियां अपना करके हम आगे बढ़ सकते हैं। हमारे जिले में सरसों एवं फूल तथा सब्जियों का रकबा बढ़ने के कारण मधुमक्खी पालन हमारे लिए लाभदायक हो सकता है तथा इससे फसल उत्पादन भी बढ़ता है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अशोकनगर की स्थाई कृषि समिति की सभापति शीतल सतेन्द्र कलावत मध्य प्रदेश जैविक प्रमुख जगराम सिंह यादव प्रगतिशील जैविक कृषक खुमान सिंह रघुवंशी, किसान संघ के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रघुवंशी राम किशन सिंह रघुवंशी, हरमीत सिंह संधू, रमाकांत शर्मा एवं किसान संघ के पधाधिकारी एवं बडी संख्या मे कृषक ,कालेज के विद्यार्थी, कृषि सखियो ने उपस्थित रहकर मधुमक्खी पालन पर जानकारी प्राप्त की एवं विशेषज्ञो से प्रश्न पूछे। इस अवसर पर पूर्व निदेशक विस्तार सेवाएं डॉक्टर यूपीएस भदोरिया, आरोन कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ धर्मेंद्र सिंह डॉक्टर अमित सिंह एवं कृषि विज्ञान के डॉ वीके जैन, डॉक्टर केके यादव एवं इंदर सिंह मिर्धा जैन एवं डॉक्टर हेमंत कुमार त्रिवेदी ने कृषकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने व्यावहारिक रूप से मधुमक्खी पालन एवं उसमें आने वाली परेशानियों के बारे में भी अवगत कराया।

# रफ्तार के सामने हारी जिंदगियां तीन हादसों में 4 की मौत, 6 घायल

## ब्यावरा, कुरावर और खुजनेर के संबंधित परिवारों के घर पसरा मातम, बोलेरो और बस की तेज गति से हुए हादसे
## ब्यावरा निवासी कपड़ा व्यापारी, बाइक सवार देवर-भाभी एवं दामाद की जान बचाने में ससुर की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



ब्यावरा-राजगढ़ रोड पर मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार देवर-भाभी की मौत हो गई। दोनों अपने मकान को अतिक्रमण कार्रवाई से बचाने के लिए जनसुनवाई में कलेक्टर से गुहार लगाने राजगढ़ जा रहे थे। रास्ते में बामलाबे जोड़ के पास तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही देहात पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कैलाश पिता बापूलाल वर्मा (60) और उनकी भाभी भगवती बाई पत्नी नन्नूलाल वर्मा (62) निवासी झाड़ला, थाना कुरावर मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे बाइक क्रमांक एमपी-39 एमएन-2251 से राजगढ़ जा रहे थे। इसी दौरान राजगढ़ रोड स्थित बामलाबे जोड़ के पास सामने से आ रही रायल ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी-04 पीए-4140 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे और मौके पर कैलाश ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची देहात थाना पुलिस ने डायल-112 की मदद से दोनों को ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने बताया कि बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। देहात थाने के एएसआई गुलाब सिंह धाकड़ के अनुसार बामलाबे जोड़ के पास बस और बाइक की टक्कर में देवर-भाभी की मौत हुई है, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### अतिक्रमण से मकान बचाने जा रहे थे राजगढ़

मृतकों के परिजनों ने बताया कि 27 फरवरी को टप्पा कुरावर के नायब तहसीलदार द्वारा झाड़ला गांव में शासकीय भूमि पर बने मकानों को लेकर अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया था। अहिरवार समाज के कई परिवार पिछले करीब 30 वर्षों से उसी जगह मकान बनाकर रह रहे हैं। नोटिस मिलने के बाद लोगों में घर टूटने का डर बना हुआ था। इसी मामले को लेकर मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर से राहत की मांग करने के लिए गांव से चार लोग दो बाइकों पर राजगढ़ जा रहे थे।



लेकिन रास्ते में बामलाबे जोड़ के पास हादसा हो गया और देवर-भाभी की जान चली गई।

### साली की शादी में शामिल होने जा रहे थे गंजबासोदा

**ब्यावरा।** मंगलवार को अशोकनगर नईसराय-शाढ़ौरा रोड पर बरखेड़ा गांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में ब्यावरा शहर के कपड़ा व्यापारी युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलने के बाद शहर में शोक छा गया। जानकारी के अनुसार शहर के पीपल चौराहे के समीप श्याम गारमेंट के संचालक वैभव जैन अपनी साली की शादी में पत्नी के साथ शामिल होने के लिए कोलारस गए हुए थे। वैभव की साली की शादी का कार्यक्रम विदिशा जिले के गंजबासोदा में रखा गया था, उसी को लेकर मंगलवार को कोलारस से जैन परिवार चार गाड़ियों में सवार होकर विदिशा जिले के गंजबासोदा जा रहे थे। अर्टिका गाड़ी में वैभव जैन पिता बाबूलाल (36) उनकी पत्नी पूजा जैन (34), दुल्हन साक्षी जैन(26), दुल्हन की मां शीला बाई(55), प्रेम बाई(80 ), खुशबू जैन(30), डेढ़ साल की एक बच्ची और 28 वर्षीय कार चालक सौरभ खटीक सवार थे। इसी बीच अशोकनगर के नईसराय-शाढ़ौरा रोड पर बरखेड़ा गांव के पास उनकी कार को सामने से आ रही तेज रफ्तार से आ रही बुलेरो कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी खतरनाक थी कि दोनो कारों के परखच्चें उड़ गए। हादसे में वैभव जैन की मौत हो गयी, जबकि कार में सवार 6 अन्य लोग घायल हो गए। जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल अशोकनगर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने दुल्हन साक्षी सहित दो लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में ही जारी होना बताया गया है।

### शराबी चालक ने मारी रॉड, मौत

खुजनेर के सिरंगी गांव के रहने वाले भगवान सिंह अपने दामाद को इलाज कराने के लिए झालाबाड़ जा रहे थे। जैसा की बताया जा रहा है कि मनोहर को सांस की बीमारी थी तो सिटी पोर्शन रोड पर जाम में फंस जाने के कारण और दामाद को समय पर अस्पताल पहुंचाने के कारण जाम में खड़ी पिकअप को हटाने के लिए कहा तभी नशे में धुत पिकअप चालक ने भगवान सिंह के सर पर लोहे की रॉड मार दी जिसके चलते उनकी मौत हो गई।

## जनसुनवाई में कलेक्टर से लगाई गुहार
# 45 साल से रह रही आदिवासी महिला को मकान खाली करने का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

जहां शासन-प्रशासन एक ओर शासकीय भूमि पर निवास कर रहे गरीब परिवारों को पट्टा देकर उनके पुनर्वास और उन्मूलन का कार्य कर रहा है। वहीं एक गरीब आदिवासी परिवार को वर्षों से निवासरत मकान से बेदखल करने की कार्रवाई समझ से परे है। मामला नगर के वार्ड क्रमांक 11 अंबेडकर नगर निवासी एक गरीब आदिवासी महिला शांति बाई का है जिन्होंने शासकीय पीडब्ल्यूडी मकान खाली कराने के नोटिस से परेशान होकर जनसुनवाई में कलेक्टर से राहत की गुहार लगाई है।

### 45 सालों से रह रहीं है शासकीय मकान में

शांति बाई पति धूलसिंह भिलाला ने आवेदन में बताया कि वह पिछले करीब 45 वर्षों से कुरावर स्थित पीडब्ल्यूडी के शासकीय मकान में निवास कर रही है। उनके अनुसार पति पहले शासकीय विभाग में सेवक के रूप में कार्यरत थे और इसी मकान में रह रहे हैं। वर्तमान में दोनों वृद्ध हो चुके हैं और अक्सर बीमार रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और वह मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह भरण-पोषण कर रही हैं। उनके पास रहने के लिए कोई निजी मकान या जमीन भी उपलब्ध नहीं है। शांति बाई ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों से एक शिकायतकर्ता द्वारा बेवजह शिकायत पत्र के माध्यम से शिकायत कर परेशान किया जा रहा है, साथ ही उसके कहने पर नगर परिषद एवं राजस्व विभाग में पदस्थ कुछ अधिकारी उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं और मकान खाली कराने का दबाव बना रहे हैं। हाल ही में नगर परिषद द्वारा मकान को जर्जर बताते हुए उसे खाली करने का नोटिस भी दिया गया है जिससे पीड़िता परेशान है। जनसुनवाई में दिए गए आवेदन में शांति बाई ने कलेक्टर से उनकी गरीबी, बीमारी, वृद्धावस्था और आदिवासी महिला होने की स्थिति को देखते हुए मानवीय आधार पर राहत प्रदान करने, मकान खाली करने के आदेश को निरस्त करने तथा यथावत रहने देने की मांग की है।

### इनका कहना है...

लोक निर्माण विभाग नरसिंहगढ़ के मुख्य अधिकारी से जब इस संबंध में बात कि गई तो उन्होंने बताया की अभी हमें पूरी जानकारी नहीं है वो मकान है या क्वार्टर है। अगर महिला वृद्धावस्था में है बेसहारा तो जबतक रहना चाहे रह सकती है।

एके श्रीवास्तव, एसडीओ नरसिंहगढ़

# रिनिया गांव में कई बीघा कलौंजी की फसल सूखी किसानों ने मांगा मुआवजा

**विदिशा।** नटेरन तहसील के ग्राम रिनिया में किसानों की कलौंजी की फसल अचानक सूख जाने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। फसल खराब होने से किसानों में चिंता का माहौल है और उन्होंने प्रशासन से जल्द मुआवजे की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम रिनिया के किसान सुंदर कुशवाह, रघुवीर सिंह, नारायण सिंह, रामबाबू कुशवाह ने लगभग 3-3 बीघा में कलौंजी की फसल लगाई थी। किसानों का कहना है एक बीघा में तीन क्विंटल तक उत्पादन होने की उम्मीद थी और इस बार भाव भी 20 से 25 हजार रुपए प्रति क्विंटल मिलने की उम्मीद है। फसल अच्छी स्थिति में थी, लेकिन अचानक पौधे सूखने लगे।

# टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों का ज्ञापन 13 को

**राजगढ़।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा विगत दिनों जारी एक आदेश से जिले के शिक्षकों में खासा आक्रोश व्याप्त है। शासकीय शिक्षक संगठन जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणावत ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के एक संदर्भ की आड़ में शिक्षकों को परेशान करने टीईटी परीक्षा का फरमान लोक शिक्षण ने जारी किया है। विधि सम्मत प्रक्रिया का ध्यान रखे बगैर उक्त आदेश जारी किया गया है। राणावत ने बताया कि उक्त आदेश के अनुसार 27 सालों की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को भी यदि आगे नौकरी करना है तो उन्हें टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण करना होगा। लोक शिक्षण के इस आदेश के विरोध में राजगढ़ सहित समूचे मप्र के सभी जिलों में 13 मार्च को संगठन के बैनर तले मुख्यमंत्री सहित सर्वसंबंधितों के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघटन पदाधिकारियों ने आधिकाधिक शिक्षकों से इस अवसर पर उपस्थित रहने का आगृह किया है।

# सावित्रीबाई फुले ने सामाजिक रीति रिवाजों को चुनौती देकर महत्वपूर्ण कार्य किया : पुष्पद

## माता सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



महात्मा फुले समता परिषद एवं फूल माली समाज के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को महात्मा फुले चौराहे पर माता सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने फूल माली महापंचायत प्रदेश महामंत्री ओम पुष्पद ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर अपनी शिक्षा पूरी की तथा पुणे में लड़कियों के लिए विद्यालय खोलकर भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण कार्य किया उनकी इस अभूतपूर्व पहल ने उस समय के दीर्घकालिक सामाजिक रीति रिवाजों को चुनौती दी जो लड़कियों और निचली जातियों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करते थे ऐसे लोगो ने सावित्रीबाई फुले को बहुत अपमानित किया लेकिन अपमान सहन करते हुए उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को शिक्षित करने के लिए कई स्कूल खोलें 1873 में उन्होंने ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर सत्यशोधक समाज की स्थापना कर जाति आधारित भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लंबा संघर्ष किया। महाराष्ट्र में फ्लैग की बीमारी फैलने से कई लोग प्रभावित हुए जिनकी सेवा करते हुए सावित्रीबाई फुले को भी फ्लेग हो गया जिससे 10 मार्च 1897 को उनकी मृत्यु हो गई।

मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने कहा कि मैं तो सावित्रीबाई फुले ने गर्भवती बलात्कार पीड़ितों को निर्वासित महिलाओं के लिए 1863 में एक देखभाल केंद्र बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना की उन्होंने विधवाओं के पुनर्विवाह का समर्थन कर विधवाओं के सिर कुंडवाने के कृति का विरोध किया। इस दौरान महात्मा फुले समता परिषद जिला अध्यक्ष मनोज पुष्पद बागकुआ टंकी पंचायत अध्यक्ष केलाश वर्मा, रामचंद्र पुष्पद (चंदू) पार्षद प्रतिनिधि सुनील बागवान फूल माली समाज जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद कमल राठौर माखन पुष्पद राजेश पुष्पद पवन पुष्पद मऊ देवकरण पुष्पद (बब्बल) सहित कई लोग उपस्थित थे।

# समिति प्रबंधकों ने मांगों को लेकर बैंक शाखा प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** सहकारी समिति प्रबंधकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक आरके पांडे को कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन में आयुक्त सहकारिता एवं मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक के आदेश अनुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजगढ़ में 60 प्रतिशत समिति प्रबंधक के पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होनी थी, परंतु जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजगढ़ द्वारा आज तक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण नहीं की न ही विक्रेताओं का 3 हजार की राशि प्रतिमाह दी जानी थी जो आज तक भुगतान नहीं की गई। एक अक्टूबर 2023 से भुगतान किया जाना था जो आज दिनांक तक नहीं किया गया। सहायक प्रबंधक के 10 प्रतिशत के पदोन्नाति की सूची तत्काल जारी की जाये।समिति कर्मचारी को 3 लाख अनुदान राशि के रूप में वेतन का भुगतान कराया जाए। विकेताओं की 3 हजार के हिसाब से 16 माह का भुगतान करवाया जाए। समिति प्रबंधक कुमेर सिंह सोलंकी ने बताया कि अगर हमारी तीन सूत्रीय मांगो का निराकरण नही किया गया तो समिति के कर्ममारीयो को विवश होकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाना पड़ेगा जिससे जिले की समस्त समिति बंद रहेगी। पीडीएस दुकान खरीदी केंद्र वसूली किसान पंजीयन जैसी महत्वपूर्ण योजना ई पेक्स कार्य आदि प्रभावित होंगे जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी अगर मांगे नहीं मानी गई तो समस्त समिति प्रबंधक मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान कैलाश राजपूत धनोरा राम प्रसाद पाटीदार पाडल्या माताजी मोहन नागर भाटखेड़ी बद्रीलाल पाल दुग्या कुमेर सिंह सोलंकी गोपालपुरा गजराज सिंह बलोडी कालूराम गोस्वामी हराना सहित अन्य समिति प्रबंधक मौजूद थे।

## सीएसआर फंड से दो नई मशीनें मिली
# किडनी मरीजों को सुविधाः जिला अस्पताल में 6 से बढ़कर 8 हुईं डायलिसिस मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के संयुक्त प्रयासों से जिला अस्पताल को 2 नई डायलिसिस मशीनें मिली हैं। सीएसआर फंड से प्राप्त इन मशीनों को इन्स्टॉल करवा दिया गया है। इन दो मशीनों को जोड़कर अब जिला अस्पताल में डायलिसिस मशीनों की संख्या 6 से बढ़कर आठ हो चुकी है।

किडनी से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को काफी हद तक सहुलियत हो जाएगी। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में पहले से छह डायलिसिस मशीनों का संचालन हो रहा था लेकिन किडनी मरीजों की बढती संख्या के चलते 6 मशीनें नाकाफी हो रही थीं। ऐसे में कई मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड रहा था वहीं उन्हें आर्थिक रूप से भी परेशानियां उठानी पड़ रही थीं, लेकिन अब दो और मशीनों की सौगात मिलने पर मरीजों को इसका खासा लाभ मिलेगा।

### लगातार बढ़ रही है किडनी मरीजों की संख्या

जिले में किडनी के मरीजों की संख्या लगातार बढ रही है। ऐसे में डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़ाने की नितांत आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि कई ऐसे मरीज है जिन्हें सप्ताह में दो से तीन बार डायलिसिस कराना पडता है। ऐसे में उनका इलाज और भी सुगम हो जाएगा। मरीजों के परिजनों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में सुविधाओं के बढ़ने से गरीब और जरूरतमंद मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी।

## शहर के बड़े नालों से हटाया कचरा
# सीएमओ के निर्देश पर चला सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शहर में लंबे समय से नालों के चोक होने और ट्रेंचिंग ग्राउंड से हाइवे तक कचरा फैलने की समस्या से परेशान लोगों को मंगलवार को राहत मिली।

नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे के निर्देश पर नगर पालिका अमले ने विशेष सफाई अभियान चलाकर एक ही दिन में शहर के कई प्रमुख नालों की सफाई कर दी। साथ ही ट्रेंचिंग ग्राउंड से हाइवे तक फैले कचरे को भी हटाकर पूरे क्षेत्र को व्यवस्थित किया गया। नगर पालिका की टीम ने सबसे पहले शहर के प्रमुख नालों पर फोकस किया। दशहरा मैदान नाला, मोती मस्जिद नाला, हाट मंडई नाला और वजीर हुसैन मोहल्ले के नालों में लंबे समय से जमा गाद और कचरे को जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से बाहर निकाला गया। नालों के चोक होने से पानी की निकासी बाधित हो रही थी और आसपास के क्षेत्रों में गंदगी व बदबू की समस्या बनी हुई थी।इसके बाद सीएमओ दीपक रानवे ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे, जहां तेज हवाओं के कारण कचरा उड़कर हाइवे तक फैल गया था।

नगर पालिका ने दो जेसीबी मशीनों और वाहनों की मदद से पूरे क्षेत्र की सफाई करवाई और कचरे को व्यवस्थित तरीके से ट्रेंचिंग ग्राउंड में डलवाया। सीएमओ रानवे ने बताया कि शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। बड़े नालों की पुलियाओं की सफाई से अब शहर की निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और अंदरूनी हिस्सों में गंदगी की समस्या कम होने की उम्मीद है। नगर पालिका आगे भी ऐसे अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार काम करती रहेगी।

## 112वें सालाना उर्स की शुरुआत, कलेक्टर-एसपी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश
# उर्सः झूलों की रेस्ट लिस्ट लगाएं, न हो बालश्रम

### बाल कल्याण समिति ने भी उर्स कमेटी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गुसल शरीफ की रस्म के साथ स्थानीय बाबा बदख्सानी की दरगाह पर मंगलवार से 112वें सालाना उर्स की विधिवत शुरूआत हो गई। उर्स में आने वाले हजारों जायरीनों, नागरिकों की सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्ष अमित तोलानी, एसडीएम निधि भारद्धाज ने मंगलवार को उर्स क्षेत्र का निरीक्षण किया।

इस दौरान अधिकारीगणों ने उर्स कमेटी को कई आवश्यक निर्देश प्रदान किए। कमेटी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक झूलों व मनोरंजन के साधनों पर अनिवार्यतः रेट लिस्ट लगवाई जाए कि किसका किराया कितना रहेगा। इसके साथ ही उर्स में पार्किंग सहित तमाम अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारीगणों ने कमेटी को तल्ख निर्देश दिए हैं। उधर, बाल कल्याण समिति ने भी बालकों के सर्वोत्तम हित को देखते हुए किशोर न्याय अधिनियम के तहत उर्स मेले और दरगाह परिसर में बालश्रम प्रकरण और बाल भिक्षावृत्ति रोकने हेतु वक्फ बोर्ड भोपाल द्वारा तय उर्स प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष को पत्र जारी किया है।



### 25 मार्च तक चलेगा उर्स

दरगाह कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि कल 10 मार्च से शुरू हुआ सालाना उर्स 25 मार्च तक चलेगा। आज बुधवार को रोजा अफ्तार, लंगर, मोला अली फातेहा होगा। इसके साथ ही आगामी दिनों में लंगर सहरी, लंगर, चादर शरीफ, मेहफिल-ए-समा, रंग की महफिल, कुल फातिहा, लंगर सहरी, मिलाद शरीफ, मेहफिल-ए-समां, गुस्ल शरीफ, इख्तेतामी फातिहा उपरान्त 25 मार्च को उर्स का समापन होगा।

### प्रवेश, निकास द्वारों पर लगाएं सीसीटीवी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मेले के प्रवेश और निकास द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए ताकि आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा सके। साथ ही निर्देशित किया कि मेले में लगाए जाने वाले विभिन्न स्टॉलों के बीच पर्याप्त दूरी रखी जाए। साथ ही झूलों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए गए।

### बाल कल्याण समिति ने लिया संज्ञान

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कि समिति ने उर्स कमेटी को निर्देशित किया है कि मेले में बाल श्रम रोकने हेतु माइक पर जागरुकता संदेश और लगातार निरीक्षण किया जाए। इसके साथ ही प्रत्येक दुकान और जोखिम वाले मनोरंजन के झूलो पर 'हमारे यहां बालश्रम नहीं कराया जाता' वाले स्टीकर अनिवार्यरूप से लगाए जाए। साथ पूरे दरगाह परिसर बालकों के हित को देखते हुए बाल भिक्षावृत्ति को सद्भावनापूर्वक रोका। यदि जिला प्रशासन, बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, पुलिस प्रशासन सहित संबंधित टास्क फोर्स को बालश्रम और बाल भिक्षावृत्ति के प्रकरण संज्ञान में आए तो उर्स प्रबंधन समिति पर भी कानून संवत कार्यवाही होगी।